


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 25 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 202 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## आईसीयू पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यों को तैयार करनी होगी कार्ययोजना



**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम कदम उठाया है। अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) सेवाओं के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों को लागू करने हेतु एक वास्तविक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि आईसीयू सेवाओं के लिए जो दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, उन्हें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि हर राज्य एक व्यावहारिक कार्ययोजना बनाए, जिसमें न्यूनतम मानकों को लागू करने की व्यवस्था हो।

## अक्षय की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुम्बई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगने से जुड़े मामले में महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के ADGP यशस्वी यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वे मुंबई के आर.डी. नेशनल कॉलेज में साइबर अवेयरनेस पर एक स्पेशल सेशन में बोल रहे थे। हालांकि, गिरफ्तारी कब हुई उन्होंने यह नहीं बताया। ADGP यादव ने बताया कि अक्षय की बेटी ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत अपने परिवार को इस बारे में बताया, जिसके बाद मामला साइबर पुलिस तक पहुंचा और कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में अक्षय कुमार का अक्टूबर 2025 का वीडियो भी चलाया गया, जिसमें उन्होंने इस घटना का जिक्र किया था।

## भोपाल में रात में चल रही लू प्रयागराज-अकोला में पारा 45डिग्री पार, ओडिशा में स्कूल बंद

**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/शिमला।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में सबसे ज्यादा तापमान 45.2°C दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के अकोला में पारा 45°C, अमरावती में 44.8°C रहा। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44°C के पार जा चुका है। इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8°C रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में हीटवेव चल रही है। यहां ऊना का तापमान 41.1°C पहुंच गया है।

## भाजपा ने केजरीवाल की तुलना धुरंधर के रहमान डकैत से की



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोला है। वर्मा ने केजरीवाल की तुलना फिल्म 'धुरंधर' के 'रहमान डकैत' से करते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली के बाद अब पंजाब में भी दूसरा शीशमहल बना लिया है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों को फर्जी करार दिया है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल पंजाब चले गए। वहां मुख्यमंत्री भगवंत मान के सरकारी आवास के आस-पास चार घरों पर केजरीवाल, सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह ने कब्जा कर लिया। केजरीवाल ने वहां दूसरा शीशमहल तैयार कर लिया। प्रवेश वर्मा ने नए घर की तस्वीरें देखकर हैरानी जताई और कहा, 'वहां भी उन्होंने खूब खर्च किया है। यह सरकारी घर है, लेकिन इसमें सरकारी पैसा नहीं लगा है।'

# ट्रेलर से भिड़ गयी स्कार्पियो

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



**● वाहन को काटकर निकाली गयी अंदर फंसी लाशें**

**मऊ।** बेटी की शादी संपन्न कर घर लौट रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत पांच लोगों की शनिवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा बशारतपुर के पास गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कार्पियो डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी लेन में जा रहे ट्रेलर से भिड़ गई। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर जिले के खोराबार थाना क्षेत्र के रानीडीहा निवासी विनय श्रीवास्तव (60) अपनी बेटी की शादी के लिए झारखंड के रांची गए थे। विवाह संपन्न होने के बाद वह पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (58), इकलौते बेटे कृतार्थ श्रीवास्तव (27) के साथ स्कार्पियो से घर लौट रहे थे। वाहन को बिहार के गया निवासी चालक पुरुषोत्तम (47) चला रहा था, जबकि दूसरा चालक नितीश (46) पीछे बैठा था। परिवार के साथ उनका पालतू कुत्ता भी मौजूद था। शनिवार तड़के ढाई बजे जैसे ही वाहन कुसुम्हा बशारतपुर के पास शारदा सहायक खंड-32 नहर कॉलोनी के सामने पहुंचा, चालक को झपकी आ गई। अनियंत्रित स्कार्पियो पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर ट्रेलर से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी सवार उसमें फंस गए। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी घोसी जितेंद्र सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्कार्पियो को काटकर सुबह पांच बजे सभी पांचों शवों को बाहर निकाला। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। सीओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना परिजनों को दे दी गई है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल करा दिया गया है। इस घटना से मृतकों के गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### सोनभद्र में पलट गयी जाइलो, तीन की जान गयी

**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर शनिवार तड़के बड़ा सड़क हादसा हुआ। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी में जायलो पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। सभी लोग बरात से लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और यातायात को सुचारू कराया। वाहन संख्या यूपी 64 एल 0055 (जायलो) से सवार लोग ग्राम खलियारी बैनी रायपुर से बरात में शामिल होकर ग्राम कन्होरा (थाना चोपन) लौट रहे थे। शनिवार सुबह करीब 3:30 बजे लोढ़ी में एआरटीओ कार्यालय के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दिलीप पासवान (22), नीतीश यादव (27) और जितेंद्र साहनी (18) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मुकेश (17), इंद्रेश (14), पंकज (18), छोटेलाल साहनी (32) और सुग्रीव (27) घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## प्रदेश में 42 हजार पदों पर होमगार्ड भर्ती परीक्षा

**● जूता-मोजा, कलावा-कंजन, ताबीज उतरवाया गया, तीन दिन में 25 लाख परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**



**प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 42 हजार होमगार्ड पदों पर भर्ती के लिए शनिवार सुबह 10 बजे से पहली पाली की परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा केंद्रों पर सख्त चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। रेटिना स्कैन और बायोमेट्रिक जांच की गई। जौनपुर में अभ्यर्थियों के जूते उतरवाए गए। संभल में कलावा काटा गया। इसके अलावा, जूते, बेल्ट, कंगन और ताबीज भी उतरवाए गए। प्रदेश के 1053 केंद्रों पर आज से शुरू हुई परीक्षा तीन दिन यानी 27 अप्रैल तक चलेगी। इसमें 25 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को देखते हुए 3 दिन तक पूरे प्रदेश में पुलिस अलर्ट मोड पर है। परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें वैकल्पिक सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 2 घंटे होगी। श्रावस्ती को छोड़कर बाकी सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जौनपुर में अभ्यर्थियों के जूते उतरवाए गए। संभल में अभ्यर्थी का पुलिस कर्मी ने ताबीज उतरवाया। संभल में कलावा काटा गया। इसके अलावा, बेल्ट, कंगन भी उतरवाए गए। बरेली के एक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के रेटिना की जांच और बॉयोमेट्रिक जांच के बाद एंट्री दी गयी।

## नेपाल में मौसम खराब, तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लखनऊ किया गया डाइवर्ट

**लखनऊ।** भारत के पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में शुक्रवार देर रात मौसम काफी खराब हो गया। खराब मौसम के कारण वहां पर कई सेवाओं के साथ हवाई मार्ग से आवागमन भी प्रभावित हो गई। नेपाल की राजधानी काठमांडू जा रही तीन उड़ानों को लखनऊ डाइवर्ट कर दिया गया। काठमांडू में शुक्रवार देर रात मौसम खराब होने के कारण वहां जा रही तीन उड़ानें लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अमौसी डाइवर्ट कर दी गईं। शारजाह से काठमांडू जा रही उड़ान एबीवाई 530 रात 10.45 बजे, हांगकांग से काठमांडू जा रही उड़ान सीएक्स 603 रात 10.48 बजे और बैंकॉक से काठमांडू जा रही उड़ान रात 12 बजे लखनऊ उतरी।

## चीनी हथियार वाले जहाज पर अमेरिका ने किया कब्जा

**वाशिंगटन।** खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच अब एक और नया मोड़ सामने आया। अमेरिका द्वारा जब्त किए गए एक ईरानी मालवाहक जहाज को लेकर अब चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ दी है। सवाल यह है कि क्या वाकई चीन इस पूरे मामले में शामिल है या फिर यह सिर्फ एक भू राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का खेल है। दरअसल, खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना ने एक मालवाहक जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। अमेरिका का दावा है कि इस जहाज पर मिसाइल निर्माण से जुड़ी खतरनाक रासायनिक सामग्री लदी हुई थी और यह जहाज ईरान जा रहा था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक जब जहाज को रोकने के लिए कहा गया तो उसने आदेश मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद अमेरिकी नौसैनिक जहाज ने फायरिंग की और फिर मरीन कमांडो ने उस जहाज को कब्जे में ले लिया।

## स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं का हंगामा


**फिरोजाबाद।** स्मार्ट मीटर के प्रति लोगों में आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है। शनिवार दोपहर 12:00 बजे रहना नाला स्थित ककरऊ कोठी विद्युत सब स्टेशन पर 40 के अधिक आक्रोशित महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान मेज, कुर्सी और शीशे तोड़ दिए। यहां आधा घंटा से अधिक हंगामा और प्रदर्शन चलता रहा। इसके बाद महिलाएं व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी देते हुए वापस लौट गई। इससे पहले शुक्रवार को हिमायूंपुर की आक्रोशित महिलाओं ने शुक्रवार दोपहर एक बजे सुहाग नगर स्थित विद्युत सब स्टेशन पर पहुंच कर जमकर हंगामा और तोड़फोड़ कर दी थी।




# ऊंट किसी करवट बैठता नजर नहीं आ रहा

## अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच खाड़ी में छिड़ने वाला है महायुद्ध!

**● दोनों देश आमने-सामने बैठकर बात करने को तैयार नहीं, डाकिये की भूमिका में आया पाकिस्तान**




**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व में जारी युद्ध और तनाव के बीच वैश्विक कूटनीति का केंद्र अब पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद बन गई है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुँच गए हैं। जो इस बात का इशारा है कि ईरान और अमेरिका के बीच रुकी हुई बातचीत को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि बातचीत का दूसरा दौर शुरू करवाने की कोशिशें जारी हैं। इस्लामाबाद पर्दे के पीछे रहकर चुपचाप काम कर रहा है ताकि दोनों पक्षों को बातचीत की मेज़ पर वापस लाया जा सके। हाल के हफ़्तों में एक मध्यस्थ के तौर पर उसकी भूमिका को काफी अहमियत मिली है। हालाँकि, इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ा मोड़ यह है कि दोनों दुश्मन देश एक-दूसरे की आँखों में आँखें डालकर बात नहीं करेंगे; बल्कि पाकिस्तान एक 'डाकिए' या अप्रत्यक्ष माध्यम के तौर पर तेहरान की चिंताओं को वॉशिंगटन तक पहुँचाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान अराघची के पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से मिलने की उम्मीद है। ईरान के विदेश मंत्रालय में 'सेंटर फॉर पब्लिक डिप्लोमेसी' के प्रमुख और प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक पोस्ट में बताया कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल एक आधिकारिक यात्रा के लिए इस्लामाबाद पहुंचा है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे। ये बैठकें पाकिस्तान की उन लगातार जारी मध्यस्थता कोशिशों का हिस्सा हैं, जिनका मकसद उस स्थिति को खत्म करना है जिसे उन्होंने 'अमेरिका द्वारा थोपा गया आक्रामक युद्ध' बताया और क्षेत्र में शांति बहाल करना है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 43.1°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.29
● सूर्यास्त : 06.34
वाराणसी, 25 अप्रैल, शनिवार, 2026 (3)



## निशा विश्वकर्मा के मौत की सीबीआई जांच होनी चाहिए : विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जिला इकाई की आज सम्पन्न बैठक में गाजीपुर के कटरिया गांव में निशा विश्वकर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की घटना पर आरोपी और पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आरोपी से सांठ-गांठ का आरोप लगाया गया। बैठक में निशा विश्वकर्मा मौत प्रकरण की सीबीआई जांच कराने तथा आपराधिक चरित्र वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई।

# गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

## नगर विकास मंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश



### ● जलजमाव पर सख्त हिदायत, विद्युत ट्रिपिंग पर जतायी नाराजगी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने अपने वाराणसी भ्रमण के दौरान शनिवार को सर्किट हाउस में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी एवं विद्युत आपूर्ति को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। मंत्री ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जलभराव की समस्या किसी भी स्थिति में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगर निगम एवं जलकल विभाग को समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सड़क एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे शहर की व्यवस्था और सुगमता दोनों में सुधार होगा। नगर विकास मंत्री ने सीएम ग्रिड योजना एवं वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि इन योजनाओं के माध्यम से वाराणसी के विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का प्रभाव धरातल पर स्पष्ट दिखना चाहिए और बनारस को एक आधुनिक एवं व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जाए। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वाराणसी के किसी भी क्षेत्र में ट्रिपिंग की समस्या स्वीकार्य नहीं है और इसे तत्काल दुरुस्त किया जाए। उन्होंने निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा।इसके अतिरिक्त मंत्री श्री शर्मा ने अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।बैठक के अंत में मंत्री शर्मा ने कहा कि वाराणसी एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं, जिससे आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ए के शर्मा ने उपभोक्ता हितों को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन नेगेटिव बैलेंस होने पर भी नहीं काटा जाएगा। साथ ही 2 किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को अधिकतम 200 रुपये तक की रियायत प्रदान की जाएगी। बैठक के दौरान मेयरअशोक तिवारी, एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम शंभू कुमार, नगर विकास हिमांशु नागपाल, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्युत वैन का किया उद्घाटन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी जिले के उपभोक्ताओं को निर्बाध, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने आज शहर में दो अत्याधुनिक 24×7 वैन का उद्घाटन किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्युत फॉल्ट सुधार Restoration Time में लगने वाले समय को न्यूनतम करना है। इन दोनों विशेष वाहनों को हर प्रकार की तकनीकी चुनौती से निपटने के लिए आधुनिक सुरक्षा उपकरणों Safety Equipment और आवश्यक टी एंड पी T&P Kit से सुसज्जित किया गया है। शहर में सही मायनों में 24×7 सेवाएं देने के लिए, इन वाहनों पर तैनात कर्मचारियों की टीम प्रतिदिन 8-8 घंटे की 3 शिफ्टों में कार्य करेगी।

## निराश्रित बुजुर्गों के लिए काशी सेवा संस्थानम् ने आगे बढ़ाया हाथ



### ● आजीविका, आश्रय, चिकित्सा के साथ अंतिम संस्कार तक खर्च उठाएगी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** असहाय उपेक्षित और अपने ही परिवार से निकाल बाहर किए गए निराश्रित बुजुर्गों को जीविका और सम्मान देने के लिए काशी सेवा संस्थानम ने हाथ आगे बढ़ाया है। इस मौके पर सारनाथ स्थित बाबा सारंगनाथ महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक का आयोजन कर विश्व शांति की कामना की गयी। संस्था के अध्यक्ष राजेश सेठ ने बताया कि संस्थानम् बुजुर्गों को उनका अधिकार दिलाने के लिए कानूनी सहायता भी प्रदान करेगा। निराश्रित वृद्धों के भोजन, उपचार, देखभाल और भविष्य में निःशुल्क आश्रय के अलावा उनके दाहसंस्कार की भी जिम्मेदारी उठाएगा। इसके साथ ही संस्था गरीब बच्चों की शिक्षा, बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण, आर्गेनिक खेती को बढ़ावा, चिकित्सा, गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग जैसे कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सिंह, मनीष चौरसिया, विधिक सलाहकार शमशेर अली, सत्येन्द्र यादव उपस्थित रहे।

### प्रमुख सचिव ने विद्यालय, वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन अनुराग यादव ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, सातोमहुआ तरसड़ा एवं वृद्धाश्रम रामनगर का निरीक्षण किया। उन्होंने जय प्रकाश नारायाण सर्वोदय विद्यालय, सातोमहुआ की स्थापना, अध्यापकों की संख्या एवं छात्र संख्या के सम्बन्ध में जानकारी ली।

### नवागत अधिशासी अभियंता से मिला विद्युत मजदूर संगठन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विद्युत मजदूर संगठन और विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा शुक्रवार को विद्युत वितरण खंड हरहुआ के नवागत अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र गौतम से शिष्टाचार मुलाकात किया गया और कर्मचारी समस्याओं के बारे में जानकारी दी गयी। संगठन की तरफ से उदयभान दुबे (जिला अध्यक्ष) अवनीश प्रजापति, आशीष बाबू, धर्मराज यादव, प्रेम चंद प्रजापति, विनय प्रजापति, शिवचंद प्रजापति, मनोज कुमार, चंचल वर्मा, राधे श्याम वर्मा, आनंद, मनिका शर्मा, आयुषी शर्मा, सुरेश और हरहुआ डिवीजन के समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम संदीप कुमार पूर्वांचल उपाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया।

### शौचालय बंद मिलने पर मेयर ने लगाया 5000 का जुर्माना



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर में चलाए जा रहे महा-अभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने मैदागिन स्थित कोतवाली क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में व्याप्त गंदगी, जलजमाव और अतिक्रमण को देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल व्यगवस्थाज सुधारने का निर्देश दिया। वहीं पराड़कर भवन के पीछे नवनिर्मित शौचालय बंद मिलने पर महापौर ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 5000 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। महापौर ने मैंदागिन चौराहे पर संकटहरण महादेव मंदिर के सामने हुए जलजमाव को तत्काल साफ करने के निर्देश दिए।

## अग्रसेन कॉलेज की छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

### ● हाईस्कूल में 99% और इंटर में 96 फीसदी छात्राओं को मिली कामयाबी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज, मैदागिन, टाउनहॉल, वाराणसी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय में हाईस्कूल का परिणाम 99% तथा इंटरमीडिएट का परिणाम 96% रहा। इंटरमीडिएट के विज्ञान वर्ग में श्रेया शर्मा (80%) प्रथम, खुशी तिवारी (78.80%) द्वितीय एवं अमृता कुमारी राजभर (75.60%) तृतीय स्थान पर रहीं। कला वर्ग में अंजली गुप्ता (73.60%) प्रथम, कनक विश्वकर्मा एवं शिहु भारद्वाज (73.00%) संयुक्त द्वितीय तथा फलक मेहजाज (72.04%) तृतीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स वर्ग में श्रेया कुशवंशी (77.40%) प्रथम, रम्या (74.40%) द्वितीय एवं पायल पाण्डेय तथा सुहानी यादव (73.02%) संयुक्त तृतीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स वर्ग में मुस्कान सेठ (83.5%) प्रथम, मुस्कान साहनी (80.50%) द्वितीय एवं करिश्मा साहनी (80.40%) तृतीय स्थान पर रहीं। हाईस्कूल में आस्था गुप्ता ने 90.16% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंकिता पाल (89.50%) द्वितीय एवं नैना गुप्ता (88.00%) तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्रबंधक गरिमा टकसाली ने कहा यह शानदार परिणाम छात्राओं की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। प्रधानाचार्य डॉ. संगीता बनर्जी ने कहा कि 'हमारी छात्राओं ने अनुशासन, निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

## बागवान की नयी टीम ने संभाला दायित्व



वाराणसी (जनमुख डेस्क)। सिन्धी महिला समाज की प्रमुख संस्था 'बागवान' का द्वितीय दायित्व ग्रहण समारोह शुक्रवार को सायंकाल सिगरा स्थित एक होटल में सम्पन्न हुआ जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष निधि लालवानी की टीम ने दायित्व ग्रहण किया। नयी टीम में कीर्ति बिजलानी सचिव, जया पाहुजा कोषाध्यक्ष ने पद की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि निवेदिता धमेजा ने कहा कि महिलाओं को आपस में जोड़कर उन्हें सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित करने का प्रयास सराहनीय है। निवर्तमान अध्यक्ष पूजा लखमानी ने कहा कि हर काम सही समय पर सुनिश्चित करना और संयम बनाए रखने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रथम वर्ष सदस्यों की संख्या 70 रही, वहीं अब संस्था पंजीकृत भी हो चुकी है। निवर्तमान सचिव वर्षा बदानी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में हर्षा, केशवानी, वर्षा लालवानी, श्वेता चांगरानी, संजना रूपानी, मधु मोटवानी, पूनम किशनानी, सुनीता पंजवानी, संगीता बदानी, नीलम वासवानी, पायल राजवानी, मधु डोडवानी, मधु विश्नानी, नेहा गंगवानी आदि उपस्थित रहीं।

## रोटरी क्लब हमेशा सेवा कार्यों में आगे रहा : डा. आशुतोष अग्रवाल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी क्लब वाराणसी गंगा द्वारा क्लब के स्थाई सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत दो सिलाई मशीन, एक वाटर कूलर, प्रोजेक्टर, 4 कंप्यूटर, खेलकूद की आउटडोर एवं इंडोर सामग्री, सेनेटरी नैपकिन मशीन, राघव राम वर्मा बालिका इंटर कॉलेज, शिवपुर में संचालित किया जा रहे हैं, उसका अवलोकन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को कराया गया, उक्त अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. आशुतोष अग्रवाल की सेवा कार्य की आधिकारिक यात्रा संपन्न कराई गई, उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब वाराणसी गंगा सदैव सेवा कार्य में अग्रणी क्लब रहा है और उसने रोटरी के मूल सिद्धांत सेवा को आत्मघात किया हुआ है। उक्त अवसर पर इंटरैक्ट क्लब का उद्घाटन किया गया। स्वागताध्यक्ष डॉक्टर अश्विनी टंडन द्वारा रोटरी के उद्देश्यों एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला, अध्यक्ष, विनोद अग्रवाल द्वारा सभी का अभिनंदन किया गया। प्रबंधक, विनोद कुमार बागी द्वारा सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। सभा में आगामी वर्ष के असिस्टेंट गवर्नर धर्मेंद्र गोयल का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। संचालन चार्टर अध्यक्ष, दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया एवं धन्यवाद प्रकाश, दिनेश गुप्ता द्वारा किया गया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

### मानव एकता दिवस पर 40000 यूनिट रक्त का संग्रह



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संत निरंकारी मण्डल वाराणसी जोन के जोनल इंचार्ज सिध्दार्थ शंकर सिंह ने बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया जिससे 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया। मानव एकता दिवस के अवसर पर ब्रांच मलदहिया वाराणसी में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें सर सुंदर लाल चिकित्सा लय, 104, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय हास्पिटल,156, शिव प्रसाद गुप्त अस्पताल, 155 एवं महामना कैंसर अस्पताल ने 51 यूनिट रक्त संग्रह किया।

### कचरा प्रबंधन में लापरवाही पर 490 होटलों-रेस्टोरेंटों को नोटिस

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** स्वच्छ भारत मिशन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्टी मैनेजमेंट) को लेकर नगर निगम अब और सख्त हो गया है। इस क्रम में बल्क में कचरा पैदा करने वाले शहर के 490 होटल और रेस्टोरेंटों को निगम ने नोटिस जारी किया है। बल्क वेस्ट जनरेटर (बीडब्ल्यूजी) के इन प्रतिष्ठानों को तीन दिन के भीतर अपने स्तर पर कचरा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का अंतिम अवसर दिया गया है। अपर नगर आयुक्त सविता यादव की ओर से कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।




**पूर्वोत्तर रेलवे**

मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है। **ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB 07 PARKING 26, कार्य का विवरण:** बलिया स्टेशन के PF-4, रेलवे हॉस्पिटल साइड (दो पहिया) स्टैण्ड का ठेका; **अवधि:** 03 वर्ष; **ई–नीलामी की तिथि:** 04.05.2026; **ई–नीलामी का समय:** 12:00 बजे से 12:30 बजे तक; **ऑक्शन कैटलॉग नम्बर BSB 08 PARKING 26, कार्य का विवरण:** सीवान जं. स्टेशन के (तीन पहिया) स्टैण्ड का ठेका; **अवधि:** 03 वर्ष; **ई–नीलामी की तिथि:** 07.05.2026; **ई नीलामी का समय:** 12:00 बजे से 12:30 बजे तक; • ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ₹10,000/– (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी**
मुजाधि/वाणिज्य–22
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T01 दि.23.04.2026** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोतर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.:–** 01, **कार्य का नाम:–** पूर्वोतर रेलवे के वाराणसी मंडल के झूंसी स्टेशन में एक कॉमन रनिंग लाइन सीएसएल 750 मीटर के संबंध में 25 के.वी. विद्युतीकरण कार्य।, **टैंडर रिफरेश नं.:–** SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T01, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:–** ₹ 16743743.63, **धरोहर राशि रुपया में:–** ₹ 334900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:–** शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:–** 15.05.2026 upto 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि:–** 6 माह, • खुली ई–निविदा दिनांक 15.05.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी वाराणसी**
मुजाधि/विद्युत–22
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। क्र. सं. 1 निविदा सं0: वमंविई–टीआरडी–लजं–ओटी–201 **कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में एमआईएम, पीजे, सीएम, एसओटी एवं एनटीवी, एएचयू, बीएचजीपी, बीआरएसए, बीजेएलपी, जेकेआई, एलपीडब्ल्यू, एलवीआर, एमएचबीजी एवं एमएचबीजेड, एमवीकेआर, एनआईटी, पीडीपीआर, आरसीआरए, आरजेडजे, बीएनजीवाई, बीडब्ल्यूपी एवं एलबीडब्ल्यू हॉल्ट (कुल 23 हॉल्ट स्टेशन) पर 27 पी.एफ. को निम्न स्तर से उच्च स्तर तक बढाने एवं विस्तार के कारण ओएचई संशोधन कार्य। **ई–निविदा बन्द होने की तिथि व समय** : 18.05.2026 व 15.00 बजे। **ई–निविदा खुलने की तिथि व समय:** 18.05.2026 व 15.30 बजे। **अनुमानित लागत:** 2,04,39,839.69 रु0 **बयाना राशि:** 4,08,800.00 रु. **निविदा मूल्य:** 0.00 रू0 **कार्य सम्पादन की अवधि** : 12 माह। नोट 1. इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

**वरि0 मंडल विद्युत इंजी0/टीआरडी लखनऊ**
मुजाधि/विद्युत–21
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## सोनभद्र समाचार

### रेलवे पटरी पर मिला राजमिस्त्री का शव, मोबाइल से हुई शिनाख्त



विंढमगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरी टोला कालीनझर निवासी राजमिस्त्री अनिल (45) का शव शुक्रवार को घर से चार किमी दूर रेलवे पटरी पर मिला। शव के पास से मिले मोबाइल के जरिये शिनाख्त हुई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

राजमिस्त्री का काम करने वाले अनिल शादी-विवाह में हलवाई का भी काम करते थे। छोटे पुत्र अजीत के मुताबिक बृहस्पतिवार की शाम वह गांव में ही स्थित रिश्तेदारी में शादी समारोह से घर लौटे। परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर आंगन में सो रहे थे। रात में पिता कब बाहर चले गए, किसी को पता नहीं चला। सुबह उन्हें बिस्तर पर न पाकर परिवार के लोग खोजबीन कर रहे थे, इस बीच रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए परिजनों की मदद से पंचनामा भरने के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया। अनिल के दो पुत्र हैं। छोटा पुत्र अजीत अविवाहित है। थाना प्रभारी शिव कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## भदोही समाचार

### नए रंगरूटों की पासिंग आउट परेड 26 को, जिले को मिलेंगे 242 आरक्षी

**ज्ञानपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट (दीक्षांत) परेड से पहले रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिले को 26 अप्रैल को 242 नए आरक्षी मिल जाएंगे। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं और परेड की गुणवत्ता का निरीक्षण कर जायजा लिया। पुलिस लाइन में करीब नौ महीने का आधारभूत प्रशिक्षण पूरा कर चुके 242 रिक्रूट आरक्षियों ने इस दौरान मार्च पास्ट, कदमताल और सलामी का प्रदर्शन किया। इनमें 51 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। एसपी ने टोलीवार परेड का बारीकी से अवलोकन किया और आरक्षियों के समन्वय, अनुशासन तथा प्रशिक्षण स्तर की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परेड प्रशिक्षण के समापन के साथ-साथ एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी के रूप में नई शुरुआत भी है।

## सुल्तानपुर समाचार

### दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने खाया जहर, मौत

**भदैंया।** देहात कोतवाली के एक गांव निवासी एक दुष्कर्म पीड़िता किशोरी (17) ने ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बृहस्पतिवार को जहर खाकर जान दे दी। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी जेल जा चुका है।

जमानत पर रिहा होने के बाद लगातार उसे अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा था। करीब दो वर्ष पहले भपटा गांव निवासी अतुल धुरिया का एक किशोरी (17) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने किशोरी से शादी करने से इन्कार कर दिया।

दिसंबर 2024 में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोपी जेल चला गया था। लगभग एक माह पहले जमानत पर छूट कर बाहर आने के बाद आरोपी ने पीड़िता के पहले से बनाए गए अश्लील वीडियो और फोटो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने किशोरी से करीब चार लाख रुपये ऐंठ लिए थे और लगातार फोन पर धमकियां दे रहा था।

मानसिक उत्पीड़न और धमकियों से तंग आकर किशोरी ने बृहस्पतिवार को जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक अतुल धुरिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी भाग निकला है, उसकी तलाश जारी है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बलिया समाचार

### सरयू नदी में नाव पलटी, किशोर डूबा, दूसरा बचा

**रेवती।** सरयू नदी के उस पार डेरे से गेहूं लादकर लौटते समय बृहस्पतिवार की शाम नाव पलटने से दो किशोर नदी में गिर गए। इनमें से एक को नाविकों ने सुरक्षित बचा लिया, जबकि दूसरा किशोर रोहित यादव डूब गया। घटनास्थल के पास से शुक्रवार की शाम पीएसी की बाढ़ बटालियन ने शव खोज लिया। छपरा सारिव गांव निवासी राजा यादव का पुत्र रोहित यादव (14) बृहस्पतिवार की देर शाम अपने दोस्त खेसारी यादव (11) के साथ सरयू नदी के उत्तरी क्षेत्र स्थित डेरे से गेहूं लेने गया था। नाव में गेहूं लादकर जब दोनों घर लौट रहे थे, तभी बीच धारा में नाव असंतुलित होकर पलट गई। इससे दोनों डूबने लगे। खेसारी ने एक प्लास्टिक के डिब्बे (जरकिन) को पकड़ लिया। नाविकों ने तुरंत उसे सुरक्षित निकाल लिया। हालांकि, रोहित यादव डूब गया।

## गाजीपुर समाचार

### पैसे खत्म होने पर तुरंत काट रहे बिजली रिचार्ज के तीन दिन बाद भी नहीं आ रही



**गाजीपुर।** जनपद में बिजली निगम के 5.20 लाख उपभोक्ता हैं। अब तक करीब डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। एक ओर बिजली निगम स्मार्ट मीटर की खूबियां गिना रहा है, तो दूसरी तरफ यह उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन गया है। पैसे खत्म होने पर तुरंत बिजली काट दे रहे। वहीं ऑनलाइन रिचार्ज करने पर न तो बिजली आ रही है और न ही तुरंत पैसा, बल्कि स्मार्ट मीटर में एंट्री होने में तीन दिन तक लग जा रहे हैं। वह भी काफी दौड़भाग व शिकायत करने के बाद राहत नहीं मिल रही है। स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली निगम की दलील है उपभोक्ता को खर्च होने वाली हर यूनिट का हिसाब मिलेगा। लेकिन, यही व्यवस्था अब उपभोक्ताओं के गले की फांस बनती हुई नजर आ रही है। उपभोक्ता राकेश मिश्रा, संजीव प्रसाद ने बताया कि निगेटिव बैलेंस होने पर बत्ती गुल हो जा रही है। इसके बाद रिचार्ज करने के बाद भी न तो बिजली आपूर्ति बहाल हो रही है और न ही भुगतान किया गया पैसा वापस आ रहा है। इसके लिए टोल फ्री नंबर, पावर हाउस व बिजली निगम के अभियंताओं का चक्कर लगाना पड़ रहा है। शिकायत पत्र देने के बाद भुगतान किया हुआ पैसा दो से तीन दिन बाद स्मार्ट मीटर में एंट्री हो रहा है।

## देवरिया समाचार

### पासिंग आउट परेड के रिहर्सल का एसपी ने किया निरीक्षण

**देवरिया।** रिजर्व पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड में 26 अप्रैल को होने वाली पासिंग आउट परेड की तैयारियां जोरों पर हैं। इसको लेकर शुक्रवार को रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया, जिसका पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने टोलीवार मार्च पास्ट का अवलोकन किया। महिला रिक्रूट आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्नआउट, अनुशासन और कदमताल के बेहतरीन समन्वय की सराहना करते हुए उन्होंने इसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम बताया। निरीक्षण के दौरान एसपी अभिजीत आर शंकर ने रिक्रूट महिला आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए आत्मरक्षा कौशल, कानून की जानकारी और अनुशासन को अब व्यवहारिक जीवन में उतारने का समय आ गया है।

## मऊ समाचार

### तेज धूप और लू का लॉकडाउन, दोपहर में सड़कों पर छा जा रहा सन्नाटा



**मऊ।** जिले में तेज धूप और गर्मी का कहर जारी रहने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। लगातार छह दिनों से अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। नगर सहित ग्रामीण इलाकों में लोग गर्मी से परेशान हैं। दोपहर के समय प्रमुख मार्गों पर सन्नाटा छाया रहा। जरूरी कार्य से बाहर निकलने वाले लोग सिर ढककर जाते देखे गए। शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप निकली। सुबह नौ बजे से ही सूरज की तपिश लोगों को झुलसाने लगी। दोपहर होते-होते आसमान से आग बरसने का एहसास होने लगा। आर्द्रता 14 प्रतिशत रही और 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली।

दोपहर के समय लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। जरूरी होने पर ही लोग पूरे बदन को ढककर निकल रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। गन्ने का रस, लस्सी और बेल के शरबत की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों के अनुसार, लू लगना, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और तेज बुखार के मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. धनंजय कुमार ने बताया कि खाली पेट बाहर न निकलें और अधिक से अधिक पानी व तरल पदार्थों का सेवन करें। गर्मी का असर केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी पड़ रहा है। तालाब सूखने के कगार पर हैं, जिससे मवेशियों के लिए पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान भी इस तपिश से त्रस्त हैं और काम की गति धीमी पड़ गई है।

तापमान बढ़ने से सब्जी की फसलों पर भी असर पड़ने लगा है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि तापमान और बढ़ने की संभावना है। किसानों को सतर्क रहने की जरूरत है और सब्जी के खेतों में नमी बनाए रखनी चाहिए।

## प्रयागराज समाचार

### करेली में पिता ने बेटे को उतारा मौत के घाट, अवैध संबंध के शक में हत्या की आशंका

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के चाट वाली गली में शुक्रवार देर रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। 17 वर्षीय प्रियांशु जायसवाल की उसके ही पिता पप्पू जायसवाल ने हथौड़े नुमा हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, अवैध संबंध के शक को लेकर पिता और बेटे के बीच देर रात कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर बेटे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त घर पर मृतक की मां मौजूद नहीं थी। शनिवार सुबह सूचना पर पहुंची करेली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई हैं।

## आजमगढ़ समाचार

### पैरवी में थाने गए वृद्ध की अचानक गिरने से मौत



**महराजगंज।** किसी मामले में थाने में पैरवी के लिए गए सुरजीपुर निवासी मोहम्मद सलीम (70) की शुक्रवार की सुबह 10 बजे थाना परिसर में अचानक गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद थाना परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बेटे इसरार अहमद ने बताया कि उसके पिता मोहम्मद सलीम किसी मामले की पैरवी के सिलसिले में अपने परिचित खानपुर भगतपट्टी थाना बिलरियागंज निवासी राजेश के साथ बाइक से महराजगंज थाने गए थे। दोनों ने थाना परिसर में वाहन खड़ा किया और गेट के सामने स्थित दुकान पर चाय पीने चले गए। चाय पीकर लौटते समय जैसे ही दोनों थाना परिसर में पहुंचे, तभी पिता अचानक जमीन पर गिर पड़े। उनके गिरते ही मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। साथी राजेश और अन्य लोगों की मदद से उन्हें तत्काल ऑटो से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। प्रारंभ में परिजन पोस्टमार्टम कराने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन पुलिस के समझाने और कानूनी प्रक्रिया बताने के बाद वे तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चंदौली समाचार

### बाइक पलटने से घायल वृद्ध की मौत, साथी छोड़कर भागा

**कंदवा।** शेखुपुर तालाब के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से घायल हुए वृद्ध सुरेंद्र यादव (65) निवासी दरौली की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद बाइक चला रहा साथी भाग गया। उसने परिजनों को भी सूचना नहीं दी। इससे घायल वृद्ध मौके पर पड़ा रहा। ज्यादा खून बहने से उनकी हालत गंभीर हो गई। सुरेंद्र यादव गांव के ही एक युवक के साथ कंदवा से शेखुपुर तालाब होते हुए घर लौट रहे थे। तालाब के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे सुरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ मौजूद युवक मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी राहगीरों ने परिजनों को दी। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें पीडीडीयू नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार नहीं होने पर शुक्रवार की दोपहर में परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

## मीरजापुर समाचार

### 2.28 करोड़ की लागत से बना उप निबंधक कार्यालय का मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उ0प्र0 शासन ने किया उद्घाटन



**मीरजापुर।** चुनार तहसील परिसर में 2.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उप निबंधक कार्यालय भवन का मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उ0प्र0 शासन रवींद्र जायसवाल ने शिलापट्ट का अनावरत करते हुए फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मा0 विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, जिलाधिकारी पवन कुमार गंग. वार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, मा0 विधायक चुनार अनुराग सिंह के प्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प चन्द्रभान यादव उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि प्रदेश वर्ष 2017 के बाद से उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रजिस्ट्री की संख्या 16 लाख से बढ़कर 50 लाख तक पहुंच गई है, वहीं राजस्व 11 हजार करोड़ से बढ़कर 38 हजार करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और निवेश के माहौल से लोगों में संपत्ति खरीद रहे है, जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य तेज हुआ है। मा0 मंत्री ने कहा कि सरकार ने व्यवस्था में सुधार करते हुए 19 प्रकार के नवाचार लागू किए हैं। पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे में स्टांप शुल्क पांच हजार रुपये तय किए जाने से करीब 24 लाख परिवारों को राहत मिली है और विवादों में कमी आई है।

नारी शक्ति वंदन के तहत महिलाओं को एक प्रतिशत की छूट दिए जाने का असर भी दिखाई दे रहा है, जिससे दीपावली के बाद हुई करीब 55 प्रतिशत रजिस्ट्रियां महिलाओं के नाम हुई हैं। उन्होंने कहा कि शपथ पत्र पर लगने वाले दस रुपये के स्टांप को समाप्त करने के प्रस्ताव पर भी विभागीय स्तर पर विचार विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का यह प्रयास है कि आम जनता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए।

## जौनपुर समाचार

### पूविवि अगले सप्ताह जारी करेगा प्रैक्टिकल के लिए परीक्षकों की सूची

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय चालू सत्र की प्रायोगिक और मौखिक परीक्षाओं के लिए परीक्षकों की सूची अगले सप्ताह विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की तैयारी में है। विश्वविद्यालय से संबद्ध जौनपुर और गाजीपुर जिलों के महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर के दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। ये परीक्षाएं मई तक जारी रहेंगी। परीक्षा के बीच ही 604 महाविद्यालयों के छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा कराने की तैयारी भी चल रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही बैठक कर परीक्षकों की सूची जारी करने की तैयारी में है। सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी कर समय पर परिणाम तैयार करना है। विश्वविद्यालय से जौनपुर और गाजीपुर जिलों में कुल 604 महाविद्यालय संबद्ध हैं, जिनमें लगभग दो लाख परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों को जल्द ही दिशा निर्देश जारी कर दिया जाएगा। अप्रैल के अंत तक अधिसंख्य बड़े विषयों की परीक्षाएं खत्म हो जाएंगी। इसके बाद प्रायोगिक परीक्षा शुरू करा दी जाएगी। शासन का दबाव है कि इस साल दीक्षांत समारोह जुलाई में कराया जाए। इससे पहले ही रिजल्ट तैयार कर छात्रों को उपलब्ध कराना होगा। सभी कॉलेज को पत्र जारी कर परीक्षकों की सूची मांग जल्द ही मांगी जाएगी। जौनपुर और गाजीपुर के महाविद्यालयों में तैनात परीक्षकों की सूची विषयवार तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

## गोरखपुर समाचार

### मंदबुद्धि युवक को धोखे से दे दिया जहर, खून की उल्टियां करते हो गई मौत



**गोरखपुर।** संपत्ति हड़पने के लिए मंदबुद्धि युवक को बहला-फुसलाकर जहर देकर हत्या करने के मामले में चिलुआताल पुलिस ने मृतक के बहनोई के भतीजे को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अजित उर्फ मावेन्द्र महराजगंज के पनियरा हेम छापर टोला पोखरहवा का रहने वाला है। यह मामला कोर्ट के आदेश पर 30 जनवरी 2025 को दर्ज किया गया था। पुलिस मामले में नामजद तीन अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि महुआतर गांव निवासी दुलारी देवी (70) ने आरोप लगाया था कि उनके परिवार की संपत्ति हड़पने की नीयत से उनके दामाद नरेंद्र कुमार, उसके भतीजे अजीत उर्फ मावेन्द्र, अजीत की मां राजपति देवी व भाई प्रदीप कुमार ने साजिश रची। दुलारी देवी के अनुसार उनका इकलौता बेटा जितेंद्र कुमार उर्फ जीतन मानसिक रूप से कमजोर था, जिसका आरोपियों ने फायदा उठाया। तहरीर के मुताबिक, 25 सितंबर 2024 की शाम आरोपी बहला-फुसलाकर जितेंद्र को घर से अपने साथ ले गए। इसके बाद उसे जहरीला पदार्थ पिला दिया गया। 29 सितंबर को उसकी हालत बिगड़ गई। मां के अनुसार जब वह बेटे के पास पहुंचीं, तो उसने बताया कि उसे कुछ पिलाया गया है और वह बच नहीं पाएगा। उसे खून की उल्टियां होने लगीं और उसकी मौत हो गई। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। घटना के बाद पीड़िता ने थाने से लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत की लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर चिलुआताल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की विवेचना जारी है और अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही नामजद अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लाइफ मंत्र

### ज्येष्ठ माह में हर मंगलवार करें ये उपाय, सारा साल मिलेंगे शुभ परिणाम



हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह का आरंभ 17 मई से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा।

लोक मान्यता के अनुसार, राम अवतार के समय श्रीराम और हनुमान जी का मिलन ज्येष्ठ मास में हुआ था। तभी तो इस मास में आने वाले मंगलवार को बहुत महत्व दिया जाता है।

ज्येष्ठ महीने के मंगलवार की महिमा अपरंपार है, फिर चाहे वो चार बार आए या पांच बार। भारत के बहुत सारे इलाकों में इसे बड़ा मंगलवार भी कहा जाता है। इस रोज हनुमान जी के पूजन का खास महत्व माना गया है। एक महीने तक ज्येष्ठ के हर मंगलवार कुछ सरल से उपाय करने पर सारा साल शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं।

मंगल ग्रह से संबंधित हर समस्या का निदान हो जाता है।

कुंडली में मंगल मारक, नीच या अस्त जैसा भी बुरा प्रभाव दे रहा हो केवल एक महीने तक उपाय कर लेने से कठिन और असाध्य समस्या का समाधान हो जाता है। सुबह सूर्योदय से पहले स्नान कर हनुमान जी के मंदिर जाकर उन्हें तुलसी के पत्तों की माला पहनाएं। हलवा-पूरी अथवा किसी अन्य मिष्ठान का भोग लगाएं। उनके स्वरूप के सामने आसन बिछाकर बैठ जाएं, फिर श्री हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ करें।

जल, मीठा शर्बत, कच्ची लस्सी आदि का दान करें। पानी वाले फल जैसे खरबूजा, तरबूज, खीरे आदि का दान करें।

शनि के कोप से मुक्ति पाने के लिए मंगलवार की रात तुलसी, पीपल, हनुमान और शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

इसके अतिरिक्त काली दाल, काले वस्त्र, काले तिल, काला छाता व काली चप्पल का दान करें।

## Christmas 2026 पर रिलीज़ होगी Shah Rukh Khan की मेगा-एक्शन फिल्म King, मेकर्स ने टीज़र के साथ मचाया गदर



शाहरुख .खान के फैंस के लिए शुक्रवार का दिन जश्न की सौगात लेकर आया। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला स्पेशल टीज़र साझा करते हुए आधिकारिक घोषणा की कि 'किंग' 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शाहरुख .खान के फैंस के लिए शुक्रवार का दिन जश्न की सौगात लेकर आया। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला स्पेशल टीज़र साझा करते हुए आधिकारिक घोषणा की कि 'किंग' 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रिलीज़ डेट की घोषणा के साथ ही मेकर्स ने एक दिलचस्प कैप्शन साझा किया, जो शाहरुख . की बादशाहत को बयां करता हैः 'एक ऐसी दहाड़ जो पूरे किंगडम को हिला दे। #KING आ रही है 24.12.2026 को। #ItsKINGTime' टीज़र और पहले सामने आई झलकियों में शाहरुख .खान एक बिल्कुल नए और खूंखार अवतार में नज़र आ रहे हैं। सफ़ेद बाल, एक्शन से भरपूर स्टंट और उनका पावरफुल डायलॉग—'डर नहीं, दहशत हूँ'—इंटरनेट पर जंगल की आग की तरह फैल गया है। 'पठान' फ़ेम सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फ़िल्म, शाहरुख .खान की बेटी सुहाना खान का बॉलीवुड में बड़ा डेब्यू है। यह फ़िल्म 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। इससे पहले, मेकर्स ने 'किंग' की दुनिया की एक झलक दिखाई थी। इन तस्वीरों में शाहरुख .एक बिल्कुल नए और दमदार अवतार में नज़र आए थे, जिनके बैकग्राउंड में शानदार नज़ारे और स्टाइलिश फ़्रेम थे। क्लिप में एक्टर को जानलेवा स्टंट करते हुए देखा जा सकता था। इस फ़िल्म में कई बड़े कलाकार शामिल हैं, जिनमें रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, जैकी श्रॉफ़, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, सौरभ शुक्ला, अरशद वारसी, राघव जुयाल और अभय वर्मा जैसे नाम शामिल हैं। नवंबर 2025 में अपने जन्मदिन के मौके पर, ऐंख ने कन्फ़र्म किया था कि फ़िल्म में दीपिका पादुकोण के साथ उनका एक रोमांटिक एंगल भी होगा।

**'किंग' के टाइटल की घोषणा**

पिछले साल 2 नवंबर को फ़िल्म के टाइटल की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर दर्शकों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह घोषणा सुपरस्टार के जन्मदिन के मौके पर की गई थी। इस घोषणा के साथ ही उनका सफ़ेद बालों वाला, एक्शन से भरपूर लुक, एक ओरिजिनल थीम ट्रैक और एक्टर का बोला गया एक दमदार डायलॉग—'डर नहीं, दहशत हूँ'—सामने आया, जिसने सोशल मीडिया पर ज़बरदस्त हलचल मचा दी थी। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और सिद्धार्थ आनंद की कंपनी 'Marflix Pictures' द्वारा प्रोड्यूस की जा रही 'किंग', 2026 की सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली बड़ी फ़िल्मों में से एक बनने की राह पर है। अब जब फ़िल्म की रिलीज़ डेट क्रिसमस की शाम के लिए पक्की हो चुकी है, तो इसे लेकर उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। इसे एक ऐसी ज़बरदस्त एंटरटेनर के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन, बेहतरीन स्टाइल और सितारों की दमदार मौजूदगी का ज़बरदस्त मेल देखने को मिलेगा।



## 'खलनायक' की वापसी! Sanjay Dutt ने किया 'बल्लू बलराम' के कमबैक का ऐलान, मान्यता अपने आँसू नहीं रोक पाईं

**बॉलीवुड के 'खलनायक' एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान संजय दत्त ने अपनी कल्ट क्लासिक फिल्म के सीक्वल 'खलनायक रिटर्न्स' की आधिकारिक घोषणा की।**

बॉलीवुड के 'खलनायक' एक बार फिर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान संजय दत्त ने अपनी कल्ट क्लासिक फिल्म के सीक्वल 'खलनायक रिटर्न्स' की आधिकारिक घोषणा की। इस ऐतिहासिक पल ने न केवल प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया, बल्कि संजय की पत्नी मान्यता दत्त को भी भावुक कर दिया। इस कार्यक्रम के वीडियो, जो अब ऑनलाइन वायरल हो रहे हैं, उनमें मान्यता को निर्माता अक्षा कंबोज को भावुक होकर गले लगाते हुए देखा जा सकता है, जबकि संजय मंच पर उनके
संजय की लंबे समय से

**प्रतीक्षित सीक्वल पर मान्यता की राय**

कार्यक्रम के एक अन्य वीडियो में, मान्यता को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वीडियो देखकर उनके 'रोंगटे खड़े हो गए' और उन्होंने इस सीक्वल को एक ऐसी फ़िल्म बताया जिसे संजय लंबे समय से बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, और लोगों से मिले प्यार ने ही उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत दी है। उन्होंने आगे कहा कि अभिनेता अक्सर उन किरदारों में वापस आना चाहते हैं जिन्होंने उन्हें एक पहचान दी हो, और 'खलनायक' फ़िल्म का 'बल्लू बलराम' संजय के लिए ऐसा ही एक यादगार किरदार है। मान्यता ने यह भी बताया कि इस सीक्वल को लेकर चर्चाएँ एक दशक से भी ज़्यादा समय से चल रही थीं। उन्होंने याद करते हुए कहा कि अक्सर शाम के समय घर पर खाने-पीने और बातचीत के दौरान इस फ़िल्म को बनाने का विचार सामने आता था। इसे एक 'पैशन प्रोजेक्ट' बताते हुए उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से इस फ़िल्म को बनाने के बारे में बातें करते आ रहे थे। उन्होंने यह भी बताया कि 'खलनायक रिटर्न्स' 'एस्पेक्ट एंटरटेनमेंट' का पहला प्रोडक्शन होगा। 'जियो स्टूडियोज़' और 'श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स' इस फ़िल्म के सह-निर्माता हैं।


**एक कल्ट क्लासिक की वापसी**

'खलनायक रिटर्न्स' फ़िल्म 'खलनायक' का ही सीक्वल है, जो 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी। इस नई फ़िल्म के टीज़र में संजय को एक बार फिर 'बल्लू बलराम' के किरदार में देखा जा सकता है। वीडियो में, वह एक व्यक्ति को याद दिलाते हैं कि 10 अक्टूबर की रात 10 बजे 'बल्लू' जेल से फ़रार हो गया था। सिगरेट पीते हुए वह अचानक यह डायलॉग बोलते हैं, 'नायक नहीं, खलनायक हूँ मैं,' और फिर अपने ही अंदाज़ में वहाँ से चले जाते हैं।

एक आधिकारिक बयान में, संजय ने कहा कि फ़िल्म 'खलनायक' हमेशा उनके दिल के बहुत करीब रही है और लोग आज भी इसे बड़े प्यार से याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस फ़िल्म को दोबारा बनाना उनका एक पुराना सपना था, और उन्होंने यह भी बताया कि इस फ़िल्म के अधिकार (राइट्स) कानूनी तौर पर हासिल कर लिए गए हैं। उन्होंने ओरिजिनल फ़िल्म के डायरेक्टर सुभाष घई और उनके बैनर मुक्ता आर्ट्स का भी शुक्रिया अदा किया कि उन्होंने उन्हें इस विरासत को संभालने की ज़िम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि उनकी टीम को उम्मीद है कि वे पुराने फ़ैन्स के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए भी कुछ ख़ास बनाएगी। बल्लू बलराम संजय के करियर के सबसे अहम किरदारों में से एक है।

उन्होंने सुभाष घई की 1993 की फ़िल्म में एक एंटी-हीरो का किरदार निभाया था, जो एक कमर्शियल हिट साबित हुई थी। माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ के साथ बनी फ़िल्म 'खलनायक' अपने म्यूज़िक और कलाकारों की ज़बरदस्त परफ़ॉर्मेंस के लिए काफ़ी मशहूर हुई थी।

## Jackky Bhagnani के Situationship वाले बयान पर Rakul Preet ने दी प्रतिक्रिया, मीडिया को लगाई फटकार



'जैकी भगनानी के सिचुएशनशिप' वाले बयान पर हुए विवाद के बाद रकुल प्रीत सिंह ने चुप्पी तोड़ी है, उन्होंने मीडिया पर क्लिकबेट के लिए संदर्भ से बाहर एक लाइन को हेडलाइन बनाने का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। फिल्ममेकर जैकी भगनानी ने हाल ही में अपनी पत्नी रकुल प्रीत सिंह के साथ रिश्ते को लेकर एक टिप्पणी की, जिसके बाद सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। अब रकुल ने इस पूरे मामले पर अपनी बात रखी है और अपनी चुप्पी तोड़ी है।

**जैकी का 'सिचुएशनशिप' वाला बयान**

जैकी भगनानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा था, 'रकुल और मैं शादीशुदा हैं, लेकिन हम एक तरह की 'सिचुएशनशिप' में हैं। इसका मतलब यह है कि हम एक-दूसरे के लिए पूरी तरह समर्पित हैं, तभी हमने शादी की है, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि हमारे बीच हर छोटी-बड़ी चीज पर खुलकर बात होती है।' उनके इस बयान को लोगों ने गलत कॉन्टेक्स्ट में लेना शुरू कर दिया।

**रकुल ने जताई नाराजगी**

इस विवाद पर रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम के जरिए जवाब दिया। उन्होंने एक न्यूज आर्टिकल का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, 'आज हम इस बात पर खूब हंसे कि कैसे एक घंटे की बातचीत की सिर्फ एक लाइन को अचानक हेडलाइन बना दिया गया। कॉन्टेक्स्ट और बारीकियां मायने रखती हैं। खबरें सिर्फ क्लिकबेट पाने के लिए नहीं होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि मीडिया प्लेटफॉर्म उन कहानियों के लिए थोड़ी और जिम्मेदारी लें, जिन्हें वे लिखते हैं।'

**शादी का सफर**

गौरतलब है कि रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने 24 फरवरी, 2024 को गोवा में एक डेस्टिनेशन वेडिंग की थी और तब से यह कपल अक्सर चर्चा में रहता है।

## Superstar Arijit Singh का 39वां जन्मदिन, जानें Reality Show में मिली हार से किंग बनने का सफर



बॉलीवुड के सुपरस्टार सिंगर अरिजीत सिंह 25 अप्रैल को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। अपनी कमाल की आवाज के कारण अरिजीत सिंह करोड़ों दिलों की धड़कन बन चुके हैं। बॉलीवुड के सुपरस्टार सिंगर अरिजीत सिंह यानी की 25 अप्रैल को अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। सिंगिंग की दुनिया में सिंगर का फलता-चमकता मुकाम हासिल करने वाले अरिजीत सिंह भले ही सुपरस्टार हैं। लेकिन सिंगर अक्सर अपनी सादगी के लिए सुर्खियां बटोरते रहते हैं। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर सिंगर अरिजीत सिंह के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

**जन्म और परिवार**

पश्चिम बंगाल के जिले मुर्शिदाबाद में पड़ने वाले कस्बे जियागंज में 25 अप्रैल 1987 को अरिजीत सिंह का जन्म हुआ था। अरिजीत के अंदर बचपन से ही संगीत के लिए दीवानगी और सिंगर बनने का ख्वाब देखते थे। उन्होंने अपनी स्कूलिंग पूरी करने के बाद मुंबई का रुख किया और रियलिटी शो में हिस्सा लिया।

**रियलिटी शो नहीं जीत पाए**

हालांकि अरिजीत ने अपनी आवाज से लोगों का दिल तो जीता, लेकिन वहीं रियलिटी शो नहीं जीत पाए। जिसके बाद अरिजीत सिंह लगातार संघर्ष करते रहे और कुछ गाने भी गाए। वहीं साल 2013 में उन्होंने फिल्म 'आशिकी 2' के लिए गाना गाकर कमाल कर दिया। जिसके बाद वह लोगों के चहेते बन गए। फिर अरिजीत सिंह को इंडस्ट्री का स्टार सिंगर माना जाता है। उन्होंने एक के बाद एक कई हिट गाने दिए। अब तक सिंगर ने करीब 274 से ज्यादा फिल्मों में अपने गाने दिए हैं।

**करियर के पीक पर संन्यास**

बीते दिनों सिंगर ने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने की घोषणा की थी। लेकिन अभी भी सिंगर अरिजीत की कुछ फिल्मों के गाने रिलीज होने वाले हैं। हालांकि उनके संन्यास लेने के फैसले से फैंस का दिल टूट गया था।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर





गुप्त रोग विशेषज्ञ




नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ




लिवर रोग विशेषज्ञ




यूरोलॉजी विशेषज्ञ




मानसिक रोग विशेषज्ञ




हड्डी रोग विशेषज्ञ




लेडिज सूट शॉप




आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

